हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 23 मार्च 2025

11 जल बचाने की आदत को सभी नागरिक अपनी दिनचर्या में करें...



12 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के जरिए...



# खाद्य आपूर्ति विभाग पर पैसा लेने का लगा आरोप तो मंत्री ने मीडिया का कैमरा करवाया बंद

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

जन परिवेदना समिति की बैठक शनिवार पंचायत भवन में एक घंटे लेट दोपहर 12 बजे शुरू हुई। इस बैठक में पहले से निर्धारित 16 मामले रखे गए। इनमें से एक मामला गांव खटोटी वासी मोतीलाल का था। उसने मंत्री को साफ शब्दों में कहा कि वह अपनी समस्या को लेकर प्रशासन व भाजपा के पदाधिकारियों से भी मिल चुका है। वह भी पार्टी से जुटा है। उसका कोई काम नहीं हो रहा है। उसको भाजपा में होने की शर्म आ रही है।

अगर उसका काम नहीं हुआ तो वह सल्फॉस खा लेगा। काम हो गया तो वह मंत्री जी को मिठाई खिलाएगा। इन 16 मामलों के अलावा जब अन्य लोगों की जन सुनवाई हुई तो अटेली के गांव रातां से एक बुजुर्ग ने खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगता हुए कहा कि 20 किलो में चार किलो राशन कम देते है। शिकायत की जाती है तो कोई कार्रवाई नहीं होती।

अधिकारी पैसों की डिमांड करते है। यह सुन सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने डीसी को आदेश दिए कि राश ना मिलने की जितनी भी शिकायत है, सभी का समाधान किया जाए। इसी दृश्य को मीडिया द्वारा कैमरे में कैद करते देख मंत्री ने रोका दिया। उन्होंने कहा कि रिकॉर्डिंग नहीं की जाए। फिर गुस्सा दिखाते हुए पुलिस को मीडिया की तरफ देखते हुए बाहर करने को कहा। यह दृश्य देख मीडिया कर्मी बाहर निकल गए।

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की बैठक पंचायत भवन में सुबह 11 बजे तय की गई थी। निर्धारित समय पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्रीवेंस मेंबर व भाजपा के अन्य नेता पहुंच गए थे। करीब एक घंटे देरी के बाद दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर मीटिंग हॉल हमें सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा पहुंचे और मीटिंग की कार्रवाई शुरू की।

नारनौल के सेक्टर-1 से संबंधित शिकायत के संबंध में सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेक्टर में निर्माणाधीन सड़कों की लगातार निगरानी की जाए। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगर आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि वे लगातार सेक्टर तथा सभी शहरों में जाकर विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं तथा सभी कार्यों पर कड़ी निगरानी है। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद भारद्वाज ने शहरी बाजार की सड़कों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि शहर के मुख्य बाजार में नगर परिषद सड़क बनवा रही है। सभी सड़कों को तोड़ कर रख दिया। अच्छा होता इस सड़क को टुकड़ों में बनाते तो व्यापारियों का व्यापार ठप नहीं होता।

अब बीते कई दिनों से व्यापार प्रभावित हो रहा है। सड़क तोड़ते वक्त सीवरेज व पेयजल लाइन टूट गई। उसे व्यापारी मजबूरन अपना पैसा खर्च करके ठीक करवा रहे है। इसी बीच हुडा सेक्टर में बन रही सड़क में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का मुद्दा उठा तो मंत्री ने डीएमसी को आदेश दिया कि बीते छह माह में शहर में जितनी भी सड़क बनी है, उनका सेंपल लिया जाए।

डीएमसी ने तर्क दिया कि हुडा सेक्टर की सड़क का सेंपल लिया गया था। रिपोर्ट आ गई है। उसी हिसाब से आगामी कार्रवाई की जा रही है। मुख्य बाजार में सड़क निर्माण में भी तेजी लाई जा रही है। वहीं जिला के गांव गढ़ी में अरावली पहाड़ी में बाबा बायोगैस की आड़ में अवैध रूप से माइनिंग की शिकायत के संबंध में सहकारिता मंत्री ने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगर अवैध खनन हो रहा है तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराई जाए।

इसके अलावा वहां से सभी प्रकार की मशीन तुरंत प्रभाव से हटा ली जाएं। इस संबंध में तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।





नारनौल। गांव रातां के इस बुजुर्ग ने राशन कम देने व पैस मांगने का अधिकारी पर लगाया आरोप व खटोटी के इस व्यक्ति ने खुद को भाजपा होने पर भी शिकायत का समाधान नहीं होने का रोया दुखड़ा। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस बैठक उपायुक्त डॉ विवेक भारती, एसपी पूजा वशिष्ठ, विधायक ओमप्रकाश यादव, नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी, भाजपा जिला प्रधान यतेंद्र राव, जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा व दयाराम यादव के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ता की ही नहीं हो रही सुनवाई

खुद को भाजपा का कार्यकर्ता बनाते वाले गांव खटोटी सुलतानपुर वासी मोतीलाल की शिकायत थी कि उसके गांव के मेन रोड पर सरकारी जमीन पर सत्यवीर नाम के व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। अब इस पर दुकान व पशुओं के दीवार लगाकर कब्जा किया हुआ है और यह गांव का मेन बस स्टैंड होने के कारण वाहनों को आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इस अवैध निर्माण को हटवाया जाए। इस शिकायत पर मोतीलाल ने मंत्री के समक्ष कहा कि उसके द्वारा रखी गई समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा तो वे सल्फॉस खा लेंगे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि उनको भाजपा कार्यकर्ता होते हुए शर्म आ रही है। उसने अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि उनकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही। अधिकारी भी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे। गांव के लोग भी कहने लग गए हैं कि भाजपा में होते हुए भी उनकी सुनवाई नहीं होती। ऐसे में वे अगर उनका काम नहीं हुआ तो वे जहर खाकर अपनी जान दे देंगे। अगर काम होता है तो यहां की प्रसिद्ध हलवाई की बरफी मंत्री जी को खिलाएंगे।

### जन सुनवाई में मीडिया रिकॉर्डिंग से मंत्री को परहेज

तय किए गए मामलों के अलावा खाद्य आपूर्ति विभाग से जुड़े अधिकारी द्वारा पैसा लेने की एक शिकायत रातां गांव के बुजुर्ग ने मंत्री के सामने रखी। इस मामले को मीडिया कवर कर रही थी। यह देख मंत्री ने मीडिया से वीडियो रिकॉर्ड नहीं करने को कहा गया। साथ ही पुलिस की तरफ इशारा कर मीडिया को बाहर करने की बात कह डाली। यह सुन सभी मीडिया कर्मी बाहर आ गए और पंचायत भवन के सामने एक निजी रेस्टोरेंट में एकत्रित हुए। जब यह मामला सोशल मीडिया के माध्याम से पूरे प्रदेश में फैल गया तो मंत्री तक भी पहुंचा। वह बैठक खत्म कर मीडिया कर्मियों के बीच आए और गलतफहमी होने की बात कही। मीडिया ने कहा कि पूरे प्रशासन के सामने मीडिया कर्मियों को बाहर किया। अगली ग्रीवेंस बैठक में ही प्रशासन के सामने आप पक्ष रखें। उसी बीच वहां मौजूद विधायक ओमप्रकाश यादव ने यह आश्वासन दिया कि अगली ग्रीवेंस मीटिंग में प्रशासन के समक्ष बात रख दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**महेंद्रगढ़।** गाड़ी व बाइक टक्कर में गांव बेरी निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। गांव बेरी निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह शुक्रवार रात करीब साढ़े साढ़े बजे अपने घर से, अपने दोस्त के घर जा रहा था। जब वह गांव के करीब पहुंचा। तब उसने देखा कि उसका लगभग 42 वर्षीय चचेरा भाई शमशेर अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहा था। हमारे गांव की तरफ से एक कार ड्राइवर अपनी कार को तेज गति, लापरवाही व गफलत से चलता हुआ आया और उसने विपरीत दिशा में जाकर उसके चचेरे भाई शमशेर सिंह की बाइक में टक्कर मार दी।

### मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, घायल

**मंडी अटेली।** अटेली से नेशनल हाईवे 11 पर तिगरा की तरफ खड़ी मोटरसाइकिल को दूसरी मोटरसाइकिल ले टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के समीप खड़ा युवक घायल हो गया। घायल युवक ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में बिहाली निवासी ने बताया कि गत 3 मार्च रात्रि लगभग 11 बजे उसकी मोटरसाइकिल से अटेली से नेशनल हाईवे 11 की पर तिगरा की तरफ वाली सर्विस रोड से एक होटल से दूध लेने जा रहा था।

### अटेली मंडी से 40 वर्षीय युवक हुआ लापता

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी से 40 वर्ष के युवक लापता हो गया है। लापता युवक के भाई ने जिसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में अटेली मंडी निवासी खेमाराम ने बताया कि उसका भाई दारासिंह अटेली मण्डी को गत 20 मार्च को शाम करीब साढ़े सात बजे उसके भाई के पास किसी का फोन आया, जिसके बाद उसका भाई उससे मिलने के लिए पुराना बस स्टेंड अटेली मण्डी गया। उसके भाई का फोन बंद आ रहा है। उसके भाई को किसी ने गुप्त स्थान पर छुपा रखा है। अटेली पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**सतनाली मंडी।** शहीदी दिवस के अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरंग दल प्रखण्ड सतनाली द्वारा जमुवाय माता मन्दिर परिसर सतनाली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विहिप जिला सहमंत्री प्रवीण कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ मायानाथ खड़ेश्री महाराज नावां द्वारा किया जाएगा।

### देवीलाल पार्क स्थित कम्युनिटी सेंटर में शिफ्ट होगा नगर पालिका कार्यालय

# जाम से मिलेगी निजात, नपा कार्यालय में बनेगी मल्टीलेवल पार्किंग

- नपा कार्यालय में पार्किंग बनने से सब्जी मंडी, गांधी मार्केट, सिनेमा रोड व शॉपिंग कॉम्पलेक्स में नहीं रहेगी जाम की स्थिति
- 11 हट्टा बाजार की सड़क का निर्माण होने के बाद शहर के मुख्य बाजार में लगने वाले जाम से मिलेगी निजात

महेश कुमार ⏭ महेंद्रगढ़

नगर पालिका कार्यकारिणी के गठन होने के करीब ढाई साल बाद शहर में विकास कार्यों गति पकड़ने लगे है। एक तरफ जहां नगर पालिका ने शहर के विभिन्न वार्डों में 35 सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। वहीं शहर में लगने वाले जाम से आमजन को निजात दिलाने की नई योजनाएं तैयार कर ली है।

बता दें कि वर्तमान में शंकर मार्केट में नगर पालिका कार्यालय चल रहा है। नगर पालिका कार्यालय में केवल आठ कमरे होने के कारण काफी कार्य प्रभावित हो रहे है। गत वर्ष नपा की ओर से नए भवन की योजना तैयार की थी। आटो मार्केट के पीछे खाली में जगह में 4.36 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैंस नए भवन का निर्माण किया जाएगा। नए भवन की सभी कागजी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नपा ने शहर में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए पुराने नपा कार्यालय में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की योजना तैयार की है।

### जल्द मिलेगी तीन पार्किंग

गत सप्ताह एसडीएम के आदेश पर शहर की पुरानी जेल में शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए पार्किंग की स्थापना की गई थी। हालांकि अभी लोग पार्किंग में कम ही लोग अपना वाहन खड़ा कर रहे है। इसके अलावा नपा ने नए भवन का निर्माण होने तक देवीलाल पार्क स्थित कम्युनिटी सेंटर अपना कार्यालय चलाने की योजना तैयार की है।

वहीं नपा के पुराने भवन में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएंगी। पार्किंग बनाए जाने के बाद सब्जी मंडी, गांधी मार्केट, सिनेमा रोड व शॉपिंग कॉम्पलेक्स में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। इन बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति होने के कारण आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं थी। वहीं ऑटो मार्केट में बनने वाले नपा के नए भवन में सार्वजनिक पार्किंग बननी है। ऐसे में जल्द ही शहर को तीन पार्किंग बनाई जाएंगी। तीन पार्किंग बनने के बाद शहर को काफी हद तक जाम से निजात मिलेगी।

### आमजन का सहयोग आवश्यक

नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि शहर में करीब 35 मार्गों पर सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। नपा की पुराने भवन में पार्किंग बनाने की योजना तैयार की है। इससे लोगों को काफी फायदा मिलेगा। जल्द 11 हट्टा बाजार की सड़क का निर्माण होने वाला है। अगर स्थानीय दुकानदारों का सहयोग मिला तो इस रोड के दोनों तरफ दुकानों के सामने चबूतरे तोड़कर बिजली के पोल को शिफ्ट कर नया रोड बनाया जाएगा।



महेंद्रगढ़। 11 हट्टा बाजार की सड़क में बने गहरे गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

### 2.67 करोड़ की लागत से बनेगी हट्टा बाजार की सड़क

इस मार्ग को पुराने नारनौल रोड के नाम से जाना जाता हैं। इस मार्ग पर शहर के मुख्य बाजार भी लगता हैं। इसके अलावा नारनौल से रेवाड़ी की जाने का भी सबसे छोटा रास्ता हैं। इस मार्ग पर मसानी चौक, पाठशाला रोड, परशुराम चौक, 11 हट्टा बाजार, बास मोहल्ला, सैनीपुरा, गुर्जरों की ढाणी में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। टूटी सड़क के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर पांच-छह फीट की दूरी पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। यह मार्ग दो महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, 148 बी से जोड़ता हैं। इसके अलावा यह मार्ग 50 से अधिक गांवों को शहर से जोड़ता है। दिनभर इस मार्ग से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। टूटी सड़क के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग पर 500 से अधिक दुकान हैं, जिसके कारण आमजन, दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोगों की माने तो करीब 20 वर्ष पहले इस मार्ग पर सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद नगर पालिका ने इस मार्ग की कभी सुध नहीं ली। अब नपा की ओर से करीब 2.67 करोड़ रुपये की लागत से से इस मार्ग पर सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण की सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी है, जल्द ही बिजली पोल शिफ्टिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके अलावा अम्बेडकर चौक से पुरानी जेल के पास से होते हुए ब्रह्मचारी रोड तक 40 फीट चौड़ी सड़क बनाकर उस पर दोनों तरफ दुकानें बनाने का प्रस्ताव किया गया है, ये मार्ग शहर के अनेक मोहल्लों व कॉलोनी के लोगों के लिए बाईपास का काम करेगा। 11 हट्टा बाजार और सरार्फा बाजार में भी लगने वाले जाम से भी लोगों को काफी हद तक मुक्ति मिल सकती है।

# सीएम ने नीरपुर राजपूत के सरपंच रतनपाल सिंह चौहान को दिया बेस्ट सरपंच का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने शनिवार जिला महेंद्रगढ़ के गांव नीरपुर राजपूत के सरपंच रतनपाल सिंह चौहान को पंचकूला के ताऊ देवलाल स्टेडियम में बेस्ट सरपंच के अवार्ड से सम्मानित किया। इस श्रेणी में पूरे हरियाणा के तीन सरपंचों को चुना गया है।

उपायुक्त डॉ विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ व अन्य अधिकारी समय-समय पर गांव नीरपुर राजपूत में पहुंच कर सरपंच तथा ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते रहे हैं। गांव के सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच क्रिकेट मैच भी होता रहा है।

सरपंच रतनपाल सिंह चौहान ने गांव में जल बचाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। गांव के घरों से निकलने वाले बरसाती पानी व गंदे पानी के लिए अलग-अलग तालाब खुदवाया गया है ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और भूमिगत जल को रिचार्ज किया जा सके। गांव में समय-समय पर जल बचाने के लिए प्रेरणा शिविरों का आयोजन भी होता रहा है।



नारनौल। नीरपुर राजपूत के सरपंच रतनपाल सिंह चौहान को सम्मानित करते सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

# खाटूधाम से लौटते वक्त हादसे का शिकार युवक ने तोड़ा दम

**नारनौल।** करीब दस दिन पहले नीमकाथाना क्षेत्र में बुधौली (राजस्थान) के समीप खाटूधाम से लौटते वक्त हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। करीब 37 वर्षीय अशोक कुमार बहल निवासी वार्ड नंबर 15 मोहल्ला फ्रांसखाना (नारनौल) की मौत होने उपरांत पुलिस ने आरोपित वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया तथा शव का पोस्टमार्टम कराने उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया। वार्ड पार्षद धूपसिंह बहल ने बताया कि अशोक उनका भतीजा है। उन्होंने बताया कि अशोक व उसके आठ-10 साथी करीब दस दिन पहले टैंपों लेकर खाटू श्याम बाबा के मेले में गए थे। जब वह मेले से वापस लौट रहे थे, तब बुधौली गांव के पास टैंपों को एक तेज रफ्तार एवं अनियंत्रित बोलेरो कार ने टक्कर मार दी थी। इस टक्कर में कई युवक घायल हो गए थे। अशोक को उपचार के लिए जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गहन चिकित्सा में रखने के बावजूद अशोक ने वहां करीब दस दिन बाद उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया और अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया।

# सलीमपुर के बाबा पाल वाला मंदिर की मूर्ति खंडित, रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

गांव सलीमपुर में बाबा पाल वाला मंदिर में बाबा विश्म्बरदास महाराज की मूर्ति को खंडित करने का मामला सामने आया है। मूर्ति को स्थापित करने वाले परिवार ने इसकी शिकायत पुलिस में दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में सलीमपुर निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उसके परिवार के सदस्यों द्वारा गांव में बाबा पाल वाला मंदिर प्रांगण में कुल देवता, खेड़ा देवता, श्रीश्री 1008 बाबा विश्म्बरदास की मूर्ति बनवाकर मंदिर के प्रांगण में उसके परिवार द्वारा 2021 में स्थापित कराकर गांव को सौंप दी थी। गत 21 मार्च को सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण में पूजापाठ करने के लिए गया, तब उसने बाबा बिशम्बरदास महाराज की मूर्ति को सिर व बाई आंख के आसपास से खण्डित किया हुआ है। इसके बाद उसने जिसकी सूचना डायल 112 पर दी थी।



मंडी अटेली। बाबा विश्म्बरदास महाराज की खंडित मूर्ति। फोटो : हरिभूमि

# अज्ञात वाहन की टक्कर से चार बहनों के इकलौते भाई की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बीती मध्य रात्रि को सेका के समीप एनएच 152-डी पर अज्ञात वाहन की टक्कर से नायसुराना निवासी चार बहनों के इकलौते भाई बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज करने उपरांत शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

गांव नायसुराना थाना बहरोड़ राजस्थान निवासी करीब 26 वर्षीय सुनील कुमार निनानियां अपनी पैशन प्रो बाइक से बीती शाम को गांव नीरपुर में एक जन्मदिन पार्टी में हिस्सा लेने आया था। उनके परिजन सचिन ने बताया कि सुनील कबाड़ी का काम करता था और उसकी नीरपुर के एक कबाड़ी से जान-पहचान थी, जहां वह जन्मदिन की पार्टी में भाग लेने आया था। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार शादीशुदा था और उसकी बुआ-सास गांव सेका में रहती है। रात को वह नीरपुर से गांव सेका चला गया था। सेका से वह रात्रि को ही जब अपने गांव नायसुराना के लिए चला, तब सेका के कुछ किलोमीटर दूरी पर एनएच 152-डी पर उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उसे अनेक गंभीर चोटें लगी। रात्रि को तब गश्त कर रही पुलिस गाड़ी ने उसे देखा और उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। साथ ही हमारे गांव नायसुराना में भी सूचना दी। घटना रात्रि करीब साढ़े 10-11 बजे के बीच की बताई जा रही है।

# नागरिक अस्पताल में मधुमक्खियों ने कई लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर में मधुमक्खियों के हमले का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार सुबह महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल में मधुमक्खियों ने हमला कर करीब 10-12 लोगों को घायल कर दिया, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हमले में गांव खातोद निवासी विकास, अस्पताल के सफाई कर्मचारी बृजमोहन और सोनू घायल हो गए। स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने मुख्य द्वार बंद कर दिया, जिससे अन्य लोग परिसर में प्रवेश न कर सकें। चिकित्सकों और स्टाफ सदस्यों ने कमरों में छिपकर अपनी जान बचाई।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया गया। महेंद्रगढ़ जिले में बीते एक सप्ताह से मधुमक्खियों के हमलों की लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं। गत शनिवार को ढोसी पहाड़ी पर मधुमक्खियों ने 40 लोगों को घायल कर दिया था। 70 वर्षीय भोलाराम को 100 से अधिक मधुमक्खियों ने काट लिया था, जिन्हें गंभीर हालत में रोहतक रेफर करना पड़ा था। पिछले शुक्रवार को नांगल शालू गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार करने पहुंचे 50 लोगों पर हमला किया गया था, जिसमें से 11 को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। महेंद्रगढ़ सदर थाने में शिकायत लेकर पहुंचे 15 लोगों और स्टाफ पर मधुमक्खियों ने हमला किया था, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। लगातार हो रहे हमलों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। वन एवं पशुपालन विभाग की टीमों को मधुमक्खियों के बढ़ते हमलों पर नियंत्रण के लिए सक्रिय किया गया है।

नागरिकों को भी सतर्क रहने और मधुमक्खियों के संभावित हमले से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील की गई है।





महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में मधुमक्खियों के काटने के बाद उपचाराधीन लोग। फोटो : हरिभूमि

गांव खातोद निवासी विकास ने बताया कि वह अपनी पत्नी का टेस्ट करवाने के लिए नागरिक अस्पताल में आया था। जैसे ही वह लैब की तरफ जाने लगा तो अचानक मधुमक्खियों का झुंड आ गया और उसको 10 से 15 मधुमक्खियां ने डंक मारा। उसकी पत्नी को भी हाथ पर एक मधुमक्खी ने काटा। वह अपना इलाज नागरिक अस्पताल में करवाया। वहीं नागरिक अस्पताल के दो सफाई कर्मचारी बृजमोहन और सोनू ने बताया कि वे दोनों वहां पर सफाई का कार्य कर रहे थे। पता नहीं अचानक से मोटी मधुमक्खियों का झुंड आया और सोनू को सात से आठ और उसे दो मधुमक्खियों ने डंक मारा। लोगों का कहना है कि मधुमक्खियों का दो दिन से आतंक फैला हुआ हैं। शुक्रवार को सदर थाना महेंद्रगढ़ में और शनिवार को नागरिक अस्पताल में कई लोगों को मधुमक्खियों ने काटा। लोगों ने प्रशासन से मांग है कि सार्वजनिक स्थान पर जहां इस प्रकार के मधुमक्खियों के छत्ते हो उनको हटवाया जाएं।

# निवेश का 'गुरु मंत्र' जब लोग डर रहे हों तो आप लालची बन जाएं

*● निवेश में सफलता के लिए हमेशा लक्ष्य तय कर पैसा लगाएं ● दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का मंत्र- बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है।*

**निवेश मंत्रा**
**बिजनेस डेस्क**

दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का एक पॉपुलर कोट है कि बाजार में जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में अपना निवेश भुना लेने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है, जबकि निवेश बनाए रहने से टाइम और कंपाउंडिंग निवेशक के फेवर में काम करते हैं। उनका कहना है कि जब बाजार में घबराहट होती है तो हम अपनी दौलत नहीं गंवाते हैं, बल्कि जब हम घबराते हैं तो हम अपने पैसों का नुकसान कर लेते हैं। तो क्या मौजूदा बाजार की गिरावट में भी दिग्गज निवेशक का ये मंत्र लंबी अवधि में सफलता का राज बन सकता है। अगर हम बाजार की हिस्ट्री में बड़ी गिरावट और उसके बाद रिकवरी के आंकड़े देखें तो यह बात समझ में आ सकती है।



● **बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन घबराएं नहीं**

● **यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए पोर्टफोलियो का मूल्यांकन करने का अहम समय**

### निवेश बनाए रखना जरूरी

जानकारों का कहना है कि फंड हाउस की एक स्टडी के अनुसार पिछले 2 दशक में, ऐसे 13 मौके आए, जब एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स ने 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की।

इनमें से 11 मौकों पर, इंडेक्स ने एक साल बाद पॉजिटिव रिटर्न दिया। इनमें से 9 मौकों पर रिटर्न डबल डिजिट में था, जबकि एवरेज रिटर्न 21 फीसदी रहा।

अगर आप 10 फीसदी की गिरावट के बाद भी निवेश के लिए 3 साल तक समय-सीमा बढ़ाते हैं, तो निगेटिव रिटर्न का एक भी उदाहरण नहीं है। रिसर्च के अनुसार 18 अप्रैल 2005 से 18 अप्रैल 2006 के बीच बाजार में 80 फीसदी से ज्यादा बढ़त रही।

15 सितंबर 2008 से 15 सितंबर 2009 तक बाजार में 20 फीसदी तेजी आई। 8 मई 2012 से 8 मई 2013 के बीच बाजार में 21 फीसदी तेजी रही।

17 नवंबर 2016 से 17 नवंबर 2017 के बीच बाजार में 27 फीसदी तेजी रही। 23 मार्च 2018 से 23 मार्च 2019 के बीच 15 फीसदी तेजी रही, जबकि इन सभी साल के पहले तक बाजार में करेक्शन का दौर चला था। तो यह डाटा तो वॉरेन बफेट के प्रसिद्ध कोट को सही साबित करता है।

### एसआईपी बनाए रखने का फायदा

घबराहट की स्थिति में कई बार निवेशक घबराकर जल्दबाजी में फैसले लेने लगते हैं। जैसे पहले से चल रहे एसआईपी को बंद कर देना या टारगेट पूरा हुए बिना निवेश को भुना लेना, लेकिन वास्तव में ये कदम फाइनेंशियल हेल्थ के लिए नुकसानदायक है। एसआईपी के पीछे मूल उद्देश्य रूपी कास्ट एवरेजिंग है। जब आप लोअर मार्केट लेवल पर एसआईपी जारी रखते हैं, तो आप अपने समान मंथली निवेश की राशि से अधिक यूनिट खरीद सकते हैं, क्योंकि नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) कम होती है। यह रणनीति सुनिश्चित करती है कि जब बाजार में रिकवरी आती है, तो इन बढ़ी हुई यूनिट पर आपको ज्यादा लाभ होता है।

### बाजार में उतार-चढ़ाव से कैसे निपटें

हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव टेंशन बढ़ाने वाला हो सकता है, लेकिन यह लॉन्ग टर्म निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो का फिर से मूल्यांकन करने का एक सुनहरा अवसर पेश करता है। इस डर का उपयोग प्रोडक्टिवली यह मूल्यांकन करने के लिए करें कि आपका वर्तमान एसेट एलोकेशन आपकी जोखिम लेने की क्षमता के अनुरूप है या नहीं। अक्सर, बुल मार्केट यानी तेजी वाले बाजारों में निवेशक दूसरों को फॉलो करते हुए या हाल ही में टॉप प्रदर्शन करने वाली कैटेगरी को देखकर निवेश करते है, लेकिन हर निवेशक की जोखिम लेने की क्षमता, लिक्विडिटी की जरूरतें और टाइम लिमिट अलग-अलग होती है। बाजार में करेक्शन एक चेतावनी के रूप में काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी का पोर्टफोलियो उसके अपने लक्ष्य, जोखिम लेने की क्षमता और लिक्विडिटी की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही तरीके से तैयार किया है।

### एसेट एलोकेशन स्ट्रैटेजी

- **लार्ज और मिडकैप फंड/ल्टीकैप फंड/फ्लेक्सीकैप फंड** : उन निवेशकों के लिए जो लंबी अवधि में अपनी दौलत में इजाफा करना चाहते हैं और इक्विटी मार्केट में उतार-चढ़ाव को झेलने की क्षमता रखते हैं, ये फंड कैटेगरी अच्छे विकल्प होंगे। क्योंकि इनमें मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से पोर्टफोलियो मिक्स होता है, जो मार्केट के किसी खास सेगमेंट में तेज उतार-चढ़ाव के असर को कम करता है।
- **हाइब्रिड इक्विटी स्कीम/बैलेंस्ड एडवांटेज फंड** : ये योजनाएं निश्चित रूप से ऐसे निवेशकों के लिए सावधानी से विचार करने योग्य हैं, जिन्हें हाल ही में 10 फीसदी की गिरावट ने यह अहसास जगा दिया है कि इक्विटी निवेश में अप-डाउन हो सकता है, लेकिन जो अभी भी भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले लॉन्ग टर्म एसेट क्लास के रूप में अपने स्टेटस के लिए इक्विटी होल्डिंग चाहते हैं।
- **मल्टी-एलोकेशन फंड** : जो निवेशक इसमें विश्वास करते हैं कि इक्विटी की एक ही कैटेगरी में निवेश करना समझदारी नहीं है, उनके लिए एक दूसरे से लो को-रिलेशन वाले मल्टी एसेट क्लास का मिक्स एक पसंदीदा विकल्प हो सकता है।
- (**डिस्क्लेमर** : इस आर्टिकल का उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्रदान करना है। यह किसी भी तरह से निवेश की सलाह नहीं है। बाजार में जोखिम होता है, इसलिए यह सलाह दी जाती है कि निवेश का कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने स्तर पर फाइनेंशियल एडवाइजर्स से परामर्श जरूर कर लें।)




# एसआईपी से दूर जा रहे निवेशक गिरते बाजार में संभलकर उठाएं कदम

**मोहभंग**
**बिजनेस डेस्क**

बाजार में म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करना एक बढ़िया तरीका माना जाता है। काफी निवेशकों ने इस तरह से बड़ा फंड भी बनाया है। एसआईपी के जरिए हर महीने एक तय रकम निवेश करने पर करोड़पति बनना काफी आसान होता है। लेकिन लगता है कि इस स्कीम को किसी की नजर लग गई है। शेयर बाजार में पिछले कई महीने से भारी गिरावट देखी जा रही है। बाजार में बिकवाली (बिक्री) की आंधी का असर म्यूचुअल फंड निवेशकों पर भी पड़ रहा है। फरवरी में म्यूचुअल फंड में निवेश काफी गिर गया है। इसमें अभी भी गिरावट का दौर लगातार जारी है। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं रखें और बाजार की गिरावट से डरकर न भागें। पहले भी देखा गया है कि लंबी अवधि में एसआईपी ने अच्छा फायदा दिया है। इसलिए एसआईपी में निवेश बनाए रखें।

### कम समय में ज्यादा रिटर्न

बाजार में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं। ऐसे में एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान फायदेमंद माना जाता है। एसआईपी के जरिए आप हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करते हैं। बाजार ऊपर हो या नीचे, आपका निवेश चलता रहता है। इससे आपको औसतन कम कीमत पर ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं। लंबे समय में इससे अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन पिछले कुछ समय से तस्वीर कुछ बदल रही है।

### फरवरी में कितनी आई गिरावट?

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में स्मॉलकैप और मिडकैप योजनाओं में निवेश घटने से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में 26%गिरकर 29,303 करोड़ रुपये रह गया, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 39,687 करोड़ रुपये था। डेट म्यूचुअल फंड में 6,525 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड आउटफ्लो (निकासी) देखने को मिला, जबकि जनवरी में इसका टोटल इन्फ्लो (निवेश) 1.28 लाख करोड़ रुपये था।

### लोगों की संख्या में आई कमी

फरवरी में सेंसेक्स और निफ्टी लगातार पांचवें महीने लाल निशान में बंद हुए और यह साल 1996 के बाद से सबसे बड़ी गिरावट रही। म्यूचुअल फंड में मिलने वाले रिटर्न पर मार्केट की गिरावट का असर पड़ता है। फरवरी में म्यूचुअल फंड एसआईपी के जरिए पैसा लगाने वालों की संख्या कम हुई है। फरवरी में एसआईपी के जरिए 25,999 करोड़ रुपये आए। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। जनवरी के मुकाबले इसमें 2% की गिरावट आई है।

### क्या कहते हैं जानकार?

जानकारों के मुताबिक मार्केट गिरे और निवेश की वैल्यू कम होने लगे तो घबराना नहीं चाहिए। काफी लोग इस गिरावट के कारण म्यूचुअल फंड से निकल जाते हैं और नुकसान कर बैठते हैं। अगर म्यूचुअल फंड की कीमत कम हो रही है तो ज्यादा यूनिट्स खरीदना शुरू कर दें। मार्केट जब बढ़ेगी तो आपका पैसा तेजी से बढ़ेगा। हालांकि पूरी रिसर्च करने और एक्सपर्ट से जानकारी लेने के बाद ही निवेश करें।

● **एसआईपी के जरिए निवेश करके बड़ा फंड हो सकता है तैयार**

● **लॉन्ग टर्म में इनमें अच्छा रिटर्न मिलने की पूरी उम्मीद होती है**

● **थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करके करोड़पति बन सकते हैं**

● **अभी शेयर मार्केट में गिरावट है। तो निवेशक एसआईपी से भी दूरी बना रहे**

● **लेकिन लंबे समय के लिए निवेश का यह एक बेहरीन विकल्प**

### लंबे समय के लिए टिकें

म्यूचुअल फंड में लॉन्ग टर्म निवेश की सलाह दी जाती है। यहां लॉन्ग टर्म से मतलब कम से कम 3 साल है। अगर मार्केट में गिरावट के कारण शुरुआती कुछ महीनों में ही नुकसान दिखाई दे रहा है तो इससे घबराएं नहीं। बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशकों को अपनी लंबी अवधि की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी एसआईपी जारी रखनी चाहिए। कोरोना के समय जब शेयर मार्केट में गिरावट आई थी तो काफी लोगों ने एसआईपी को बढ़ा दिया था। आज उनकी रकम काफी बढ़ चुकी है।

### क्या है एसआईपी

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एक ऐसा निवेश का जरिया है, जिसके माध्यम से एक व्यक्ति एक निर्धारित रकम, नियमित अंतराल में म्यूच्यूअल फंड्स के किसी स्कीम में – जैसे मासिक या त्रैमासिक, बजाय एक मुश्त रकम की अदायगी के, निवेश कर सकता है। यह किश्त 100 रुपये प्रति माह की मामूली रकम भी हो सकती है जो बहुत कुछ रेकरिंग डिपाजिट (आवर्ती जमा) से मिलती-जुलती है। ये इसलिए भी आसान है, क्योंकि आप अपने बैंक को ये स्थाई अनुदेश दे सकते हैं कि आपके खाते से ये रकम हर माह डेबिट (निकासी) होता रहे। एसआईपी भारतीय म्यूच्यूअल फंड्स निवेशकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है, इसलिए कि ये निवेशक को बाजारों के उथल-पुथल और समय गणना की चिंता से अलग रख एक अनुशासित तरीके से निवेश में सहायता करता है। लम्बी अवधि के निवेश के लिए म्यूच्यूअल फंड्स द्वारा प्रस्तावित एसआईपी निवेश की दुनिया में क़दम रखने का यकीनन सबसे बढ़िया रास्ता हैं। निवेश से सर्वाधिक और श्रेष्ठ प्राप्ति के लिए, बेहद ज़रूरी है लम्बी अवधि के लिए निवेश हो, जिसका सीधा अर्थ यह कि आप जल्द से जल्द निवेश आरम्भ करें, ताकि आपके लक्ष्य लाभ अधिकतम हों।

# पोस्ट ऑफिस की स्कीम भी दे रही अच्छा मुनाफा, कर सकते हैं निवेश

*टीडी स्कीम बैंकों की एफडी की तरह देती है आकर्षक ब्याज, इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे, पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई खोल सकता है खाता, निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक ब्याज मिलता है*

**एफडी**
**बिजनेस डेस्क**

भारतीय डाक विभाग की टाइम डिपॉजिट (टीडी) स्कीम निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और लाभदायक विकल्प बनकर उभरी है। यह स्कीम बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की तरह ही काम करती है, लेकिन इसमें ब्याज दरें अधिक आकर्षक हैं। पोस्ट ऑफिस की यह डिपॉजिट स्कीम लोगों को मालामाल कर रही है। इस योजना में निवेश कर युवा भी अपनी झोली भर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। इसमें निवेश कर कोई भी आसानी से अपनी बचत को बढ़ा सकता है। टीडी स्कीम में निवेशकों को 6.9 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक का ब्याज मिलता है, जो इसे बैंकों की एफडी से बेहतर बनाता है. इस स्कीम में निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन काम करता है।

### टीडी स्कीम की खास बातें

पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम में निवेशक 1 साल से लेकर 5 साल तक के लिए अपना पैसा जमा कर सकते हैं। इस स्कीम में न्यूनतम 1,000 से खाता खोला जा सकता है, जबकि अधिकतम जमा राशि की कोई सीमा नहीं है। टीडी खाते पर मिलने वाला ब्याज निवेश की अवधि पर निर्भर करता है।उदाहरण के लिए, 2 साल की टीडी पर 7.0 फीसदी का ब्याज मिलता है।

### लाख जमा पर कितना ब्याज

अगर आप पोस्ट ऑफिस की 2 साल की टीडी स्कीम में 2 लाख जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको कुल 2,29,776 मिलेंगे। इसमें 29,776 का ब्याज शामिल होगा। यह ब्याज गारंटीड और फिक्स है, जिसमें किसी तरह का रिस्क नहीं है।

### कौन खोल सकता है खाता

पोस्ट ऑफिस की टीडी स्कीम में कोई भी व्यक्ति खाता खोल सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ-साथ जॉइंट अकाउंट भी खोला जा सकता है। जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 3 लोगों के नाम जोड़े जा सकते हैं। यह स्कीम छोटे और बड़े निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त है।




### पोस्ट ऑफिस टीडी स्कीम के फायदे

- **सुरक्षित निवेश** : पोस्ट ऑफिस सरकारी संस्था है, इसलिए इसमें निवेश किया गया पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है।
- **आकर्षक ब्याज दरें**: बैंकों की तुलना में पोस्ट ऑफिस टीडी पर ब्याज दरें अधिक हैं।
- **लचीलापन**: 1 साल से लेकर 5 साल तक की अवधि चुनने की सुविधा।
- **कम निवेश** : सिर्फ 1,000 से खाता खोल सकते हैं।

### ऐसे खोलें टीडी खाता

पोस्ट ऑफिस टीडी खाता खोलने के लिए आपको नजदीकी डाकघर जाना होगा। वहां आपको आवेदन फॉर्म भरना होगा और जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। इसमें पहचान प्रमाण, पता प्रमाण और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होती है।

### डाकघर की ये भी बचत योजनाएं

- डाकघर बचत खाता
- 5 वर्षीय डाकघर आवर्ती जमा खाता (आर डी)
- डाकघर सावधि जमा खाता (टी डी)
- डाकघर मासिक आय योजना खाता (एम आई एस)

### वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एस सी एस एस)

- 15 वर्षीय सार्वजनिक भविष्य निधि खाता (पीपीएफ)
- सुकन्या समृद्धि खाता
- राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (एन एस सी)
- किसान विकास पत्र (के वी पी)
- महिला सम्मान बचत पत्र
- प्रधानमंत्री बाल केयर योजना, 2021
- ब्याज दर (नई)
- **डिस्क्लेमर** : (यह जानकारी सिर्फ़ सूचना के लिए है। इसे निवेश का सुझाव मानकर निवेश न करें। मार्केट में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन होता है। निवेशक के तौर पर पैसा लगाने से पहले हमेशा एक्सपर्ट से सलाह लें।)

# टैक्स बचाने का अब आखिरी मौका, 31 मार्च से पहले अपनाएं ये ट्रिक्स




**वित्त वर्ष 2024 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया**

**इस बार यह संख्या और बढ़ेगी, 12.75 लाख तक नहीं देना होता टैक्स**

**सुझाव**
**बिजनेस डेस्क**

वित्त वर्ष 2024-25 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और नया वित्त वर्ष 2025-26 शुरू होने में सिर्फ 10 दिन रह गए हैं। ऐसे में जो लोग पुरानी टैक्स व्यवस्था को चुन रहे हैं, उनके पास टैक्स बचाने के लिए अब आखिरी मौका है। हालांकि वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 24 में 72% टैक्सपेयर्स ने नई टैक्स व्यवस्था को अपनाया, और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ सकती है। हालांकि, अभी भी कई करदाता पुरानी टैक्स व्यवस्था के जरिए टैक्स छूट के फायदे लेना पसंद करते हैं। अगर आप भी पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्स छूट पाना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए आखिरी मौका हो सकता है। सही निवेश से आप अपने टैक्स का बोझ कम कर सकते हैं।

### सेक्शन 80सी: टैक्स बचाने के लिए बेस्ट निवेश विकल्प

अगर आप इनकम टैक्स बचाना चाहते हैं, तो सेक्शन 80सी के तहत कई निवेश योजनाओं में पैसा लगाकर 1.5 लाख रुपये तक की कटौती का फायदा उठा सकते हैं। इस सेक्शन के तहत सुकन्या समृद्धि योजना, इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम, पब्लिक प्रोविडेंट फंड, कर्मचारी भविष्य निधि, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और 5 साल की टैक्स-सेवर फिक्स्ड डिपॉजिट जैसी कई योजनाएं आती हैं। हर योजना की अपनी अलग लॉक-इन अवधि और रिटर्न दर होती है। अगर आप कम से कम लॉक-इन पीरियड में निवेश करना चाहते हैं, तो ईएलएसएस आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसका लॉक-इन केवल 3 साल है, लेकिन इसका रिटर्न बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। वहीं, नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश पर आपको सेवानिवृत्ति (60 वर्ष) तक इंतजार करना होता है। ईपीएफ भी सेवानिवृत्ति तक का निवेश है, लेकिन आंशिक निकासी की सुविधा इसमें दी जाती है। अगर आप गैर-बाजार जोखिम वाले निवेश चाहते हैं, तो सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसए) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) बेहतर विकल्प हो सकते हैं। एसएसए में सालाना 8.2% और एससीएसएस में 8.2% ब्याज मिलता है। वहीं, पीपीएफ में 7.1%, एनएससी में 7.7%, और पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट में 7.5% का सालाना ब्याज मिलता है। टैक्स-सेवर बैंक एफडी का रिटर्न 6.5% से 7.5% तक होता है। यदि आप लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर रहे हैं, तो पीपीएफ, इपीएफ और एनपीएस बढ़िया विकल्प हो सकते हैं। वहीं, जो लोग शॉर्ट-टर्म टैक्स सेविंग और अच्छा रिटर्न चाहते हैं, वे ईएलएसएस और 5 साल की टैक्स-सेवर एफडी का चुनाव कर सकते हैं। 31 मार्च से पहले सही निवेश करके आप न सिर्फ टैक्स बचा सकते हैं, बल्कि अपनी वित्तीय सुरक्षा भी मजबूत कर सकते हैं।

### नया टैक्स बचाने से पहले मौजूदा निवेशों की करें जांच

अगर आप टैक्स बचाने के लिए नया निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले यह देखें कि इसकी जरूरत है या नहीं। कई निवेश योजनाओं में लॉक-इन पीरियड होता है, यानी एक बार पैसा लगाने के बाद आप उसे तय समय से पहले नहीं निकाल सकते। सबसे पहले यह जांचें कि आपने इस साल कितना निवेश किया है। हो सकता है कि आप पहले ही धारा 80सी की सीमा पूरी कर चुके हों। ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि), जिसे आपकी सैलरी से हर महीने काटा जाता है, भी टैक्स बचत में शामिल होता है। इसी तरह, अगर आपके पास होम लोन है, तो उसका मूलधन (प्रिंसिपल) भी धारा 80सी के तहत टैक्स छूट दिला सकता है। इसलिए, नया निवेश करने से पहले अपने मौजूदा निवेशों को जरूर जांचें। हो सकता है कि ईपीएफ और होम लोन के रीपेमेंट से ही आपकी टैक्स बचत की जरूरत पूरी हो रही हो और आपको अलग से निवेश करने की जरूरत न हो।

अगर 2024 में जॉब बदली है तो फॉर्म 12 भरना जरूरी अगर आपने 2024 में नौकरी बदली है, तो फॉर्म 12बी भरना जरूरी है। यह फॉर्म आपके नए एम्प्लॉयर को आपकी पिछली सैलरी और टैक्स कटौती की जानकारी देने में मदद करता है, जिससे आपकी सैलरी से सही टैक्स कटे। अपने टैक्स रिकॉर्ड सही रखने के लिए 31 मार्च तक फॉर्म 12बी समिट करें। इससे आपका नया एम्प्लॉयर टैक्स कैलकुलेशन में गलती नहीं करेगा और सही टीडीएस कटेगा।




### सीनियर सिटीजन्स के मेडिकल खर्च पर टैक्स डिडक्शन

भारत में आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत करदाता अपने और अपने परिवार के लिए चुकाए गए हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर टैक्स डिडक्शन का लाभ उठा सकते हैं। इससे उनकी टैक्स योग्य आय कम होती है और उन्हें कम टैक्स देना पड़ता है। लेकिन अगर आपने सीनियर सिटीजन्स (वरिष्ठ नागरिकों) के लिए कोई हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम नहीं भरा है, तब भी आप उनके मेडिकल खर्च पर टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। इस धारा के तहत, 60 साल या उससे अधिक उम्र के माता-पिता या वरिष्ठ नागरिकों के इलाज पर किए गए खर्च के लिए 50,000 रुपये तक का टैक्स डिडक्शन लिया जा सकता है। यह सुविधा उन करदाताओं के लिए फायदेमंद है, जिनके माता-पिता या अन्य वरिष्ठ परिजन बीमा कवर के बिना इलाज करवा रहे हैं। इसलिए, अगर आपके परिवार में कोई सीनियर सिटिजन बिना स्वास्थ्य बीमा के है, तो उनके मेडिकल खर्च का बिल संभालकर रखें और टैक्स बचत का लाभ उठाएं।

### कैलकुलेशन से समझें

टैक्स बचाने के लिए ईएलएसएस फायदेमंद, लेकिन निवेश पर जोखिम भी अगर आप ईएलएसएस में निवेश करते हैं, तो इससे टैक्स बचाया जा सकता है। हालांकि, इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपका पैसा 3 साल तक लॉक रहेगा। इसके अलावा, ईएलएसएस एक जोखिम भरा निवेश भी है क्योंकि यह शेयर बाजार से जुड़ा होता है। शेयर बाजार की स्थिति अक्सर बदलती रहती है, जिससे इस स्कीम में रिटर्न का कोई निश्चित भरोसा नहीं होता। इसलिए, निवेश करने से पहले अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहने की क्षमता को जरूर समझें।

## खबर संक्षेप



### ढोल-नगाड़ों के साथ जागरूकता रैली निकाली

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के छठे दिन सामाजिक जागरूकता और स्वच्छता अभियान को समर्पित रहा। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ढोल-नगाड़े बजाकर आम जनता का ध्यान आकर्षित किया और विभिन्न सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर नारेबाजी कर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जल है तो कल है, जलती धरती करे पुकार, पेड़ लगाकर करो श्रृंगार, सड़क सुरक्षा जीवन के लिए अनमोल है, धूम्रपान निषेध है जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया।

### दांतों की सुरक्षा करें: डॉ सुषमा

**नांगल चौधरी।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार प्राथमिक पाठशाला आंतरी में मौखिक स्वास्थ्य ही मानसिक विकास का आधार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सुषमा यादव मुख्य रूप से मौजूद रही, उन्होंने बच्चों को दांतों में पनपने वाली बीमारियों से अवगत कराया है। सेमिनार की अध्यक्षता स्कूल के मुख्याध्यापक धर्मबीर सिंह ने की है। इस दौरान बच्चों ने ओरल रैली निकालकर ग्रामीणों को नियमित ब्रश करने का संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि दांत और स्वास्थ्य में गहरा तालमेल होता है। क्योंकि दांत मजबूत होंगे तो पोष्टिक आहार को चबा-चबाकर खा सकेंगे।

### खामपुरा में शीतला माता का 11वां भंडारा लगाया

**मंडी अटेली।** खामपुरा में शीतला माता के 11वें भंडारे का आयोजन शनिवार को किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों सहित आसपास के कई गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। खामपुरा सरपंच प्रतिनिधि कैप्टन कृष्ण कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह गांव में शीतला माता का भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस भंडारे में स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज से लोग आकर माता का प्रसाद ग्रहण करते हैं। भंडारे से पूर्व शीतला माता का हवन यज्ञ किया जाता है। इस हवन में स्थानीय लोग आहुति डालते हैं। शीतला माता मंदिर परिसर में कीर्तन का आयोजन भी किया।

---

विश्व जल दिवस पर जल मंथन कार्यक्रम आयोजित

# जल बचाने की आदत को सभी नागरिक अपनी दिनचर्या में करें शामिलः यादव

■ जल मंथन कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** विश्व जल दिवस पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

विश्व जल दिवस के मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन जिला महेन्द्रगढ़ की ओर से नारनौल स्थित बीकेएन राजकीय बहुतकनीकी में जल मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार यादव व विशिष्ठ अतिथि उपमंडल अभियंता मुकेश शर्मा रहे।

जल मंथन कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि विश्व स्तर पर जल दिवस को मनाना ही साबित करता है कि जल का हमारे जीवन में विशेष महत्व है व इसको लगातार सुरक्षित रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल को बचाने का यह अभियान मात्र एक दिन का नहीं है बल्कि जल बचाने की आदत को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है।

इसके साथ-साथ गांव-शहर के हर वार्ड गली मोहल्ले में छोटे-छोटे संगठन बनाकर लोगों को जल के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि एक सर्वे के मुताबिक 2050 में देश की 50 प्रतिशत आबादी को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। इस लिए हमें जल की महत्वता को समझने के साथ-साथ इसे सुरक्षित रखने के तरीकों को व्यवहार में लाना होगा।

उपमंडल अभियंता ने जल की उपलब्धता व जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को शासन व प्रशासन कड़ी मेहनत कर घर में नल के माध्यम से पेयजल प्रदान कर रहा है। इसलिए इसे जरूरत के मुताबिक ही इस्तेमाल करें।

जिला युवा अधिकारी नित्यानंद ने उपस्थित छात्रों को बताया कि हमें खुले नलों पर टूंटियां लगानी है। वहीं कैच द रैन अभियान के तहत हमें बारिश के पानी को भी संरक्षित करने की जरूरत है ताकि जल की एक-एक बूंद को सुरक्षित किया जा सके व भूजल स्तर में भी सुधार लाया जा सके। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि तकनीकी शिक्षा के दौरान वे जल संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट तैयार करें। एनयूएलएम से अन्नू भारद्वाज ने अपने संबोधन में बच्चों को भारत के इतिहास से जोड़ते हुए बताया कि भारत का इतिहास महान रहा हैं।

हमें विश्व जल दिवस के मौके पर भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए अपने इतिहास से ही इसके तरीको को खोजकर अमल में लाना चाहिए। एचएसआरएलएम से डीपीएम अमित कुमार ने जल के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि अब जल जीवन मिशन में महिलाएं भी भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

एक महिला स्वयं सहायता समूह की महिला होती है जो अपने परिवार के साथ-साथ अपने ग्रुप को भी जोड़ने का काम करती है। प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह ने बच्चों के व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी। वहीं एनएसएस के पीओ राजेश कुमार ने बताया कि एनएसएस छात्रों का सर्वांगिण विकास करने में मदद करती है। जो नोट मी बट यू की भावना पैदा करती है। बीआरसी इंद्रजीत ने जल जीवन मिशन के माध्यम से बच्चों को बताया कि व्यक्ति को अपने जीवन का भी लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करना चाहिए।

---




**महेंद्रगढ़।** जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने जल दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

■ रसायन विज्ञान व ज्योग्राफी विभाग के सौजन्य से जल दिवस मनाया

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में रसायन विज्ञान व ज्योग्राफी विभाग के सौजन्य से जल दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्त्व को समझाना और समाज में जल बचाने के प्रति जागरुकता फैलाना था। इस कार्यक्रम के शुभारंभ मुख्यातिथि संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान व डीन डॉ. हेमंत कुमार रहे। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक व विद्यार्थियों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। रसायन विभाग व ज्योग्राफी विभाग प्रभारी डॉ. जितेंद्र जिंदल व प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जल दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न जागरुकता अभियान संगोष्ठी श्लोग्न लेखन पोस्टर मेकिंग, रंगोली मेकिंग करवाए गए, जिसमें एमएससी और एमए के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिल व डॉ. दीपक ने जल के महत्त्व को बताते हुए सभी प्रतिभागिओं व उपस्थित लोगों से जल संरक्षण की शपथ दिलवाई। गौरतलब है कि निकट भविष्य में हम सब जल की कमी के कारण उत्पन्न होने वाले विभिन्न समस्याओं ने घिरने वाले हैं। भारत के 70 बड़े जिले जल संकट की कगार पर है।

---

## विजय इंटरनेशनल स्कूल में सैम्बो स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में सैम्बो मार्शल आर्ट बीच कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था संरक्षक महेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के सामने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें 100 से अधिक खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु वर्ग में हिस्सा लिया। इसमें मुख्यत 10-12 वर्ष आयु वर्ग, 12-14 आयु वर्ग, 14-16 आयु वर्ग, 16-18 आयु वर्ग तथा सीनियर आयु वर्ग के लड़के, लड़कियों व महिला पुरुष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यातिथि चेयरमैन विजय यादव टूमना रहे। मुख्यातिथि ने बताया कि हमारे विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने बताया कि अंडर-16 में प्रथम स्थान पर रितिक, दूसरे स्थान पर धीरज व तीसरे स्थान पर दीपांशु रहा। वहीं अंडर-10 में प्रथम स्थान शौर्य व द्वितीय स्थान प्रवीण ने हासिल किया तथा ओवरआल ट्रॉफी विजय इंटरनेशनल स्कूल के नाम रही। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए जानकारी दी कि सैम्बो एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 23 मार्च को विजय इंटरनेशनल स्कूल में किया जाएगा।

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में जल संरक्षण दिवस पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन रूपराम यादव ने की, जबकि प्रधानाचार्य रामवीर यादव एवं उप-प्राचार्य कृष्ण यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने जल बचाओ, जीवन बचाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें जल संकट और उसके समाधान को प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया। पौधारोपण अभियान के तहत कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई। पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें उन्होंने जल संरक्षण पर प्रभावी विचार व्यक्त किए।

## यदुवंशी कॉलेज में एनएसएस कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** कैंप के समापन पर उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी डिग्री कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय कैंप का समापन शनिवार को गांव बवानिया के आंबेडकर भवन में हुआ। इस दौरान यदुवंशी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को एनएसएस के इतिहास एवं महत्व से अवगत कराया। संस्था अध्यक्ष पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह जी ने बताया कि यदुवंशी कॉलेज की ओर से हर साल यह कैंप आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कोविड् के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों की भागीदारी एवं आपातकालीन स्थितियों में देश सेवा में समर्पण भाव से एकजुट होकर अपना योगदान दिया, जो एनएसएस का सबसे बड़ा लक्ष्य एवं आधार है। एनएसएस के विद्यार्थियों ने सात दिवसीय कैंप का आयोजन गांव बवानिया में सफाई करके एवं जागरूकता रैली निकालकर किया तथा विभिन्न विषयों को लेकर अभियान चलाया। ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव ने बताया कि कैंप के समापन पर स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें मेरी माटी मेरा देश, भारत की संस्कृति बचाओ, नशे पर रोक लगाओ, लोकगीत एवं लोक नृत्य शामिल रहे। गांव की सरपंच पूजा यादव ने कहा कि आज का युवा कल का आधार हैं।

स्वयंसेवकों द्वारा चलाए गए जागरूक अभियानों से ग्रामीणों को भी प्रेरणा मिली है। कॉलेज की ओर से प्रोग्राम कोआर्डिनेटर एवं स्टाफ सदस्यों ने सरपंच, पंच, नंबरदार एवं बुजुर्गों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

---



**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गैलेक्सी स्कूल बवानिया में खेल प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** गैलेक्सी स्कूल बवानिया में खेल प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता में कई तरह के खेल शामिल थे जैसे लंबी कूद, वॉलीबॉल, रस्साकसी, खो-खो, ऊंची कूद, बैडमिंटन, लेमन रेस तथा दौड़ शामिल थी। प्राचार्य करन सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत करना था। इस प्रतियोगिता में स्कूल के सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एमडी दरियाव सिंह ने बताया कि इस तरह की खेल प्रतियोगिता हमारे स्कूल में होती रहती हैं तथा खेल छात्रों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्योंकि वह उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। इस अवसर पर सभी विजेताओं को स्पोर्ट्स टी-शर्ट, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## आईआईटी-जैम में नितिन ने हासिल की 31वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



■ कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित

राव जयराम डिग्री कॉलेज के मेधावी छात्र नितिन गुप्ता ने आईआईटी-जैम की परीक्षा में 31वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज चेयरमैन डॉ. हरिसिंह ने उन्हें सम्मानित किया।

राव जयराम डिग्री कॉलेज के शिक्षकों ने नितिन को परीक्षा की तैयारी में हर संभव सहायता दी। संस्थान में छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है। नितिन का कहना है कि सफलता के लिए सही दिशा में मेहनत और मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मित्रों को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया। इस दौरान कॉलेज में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें चेयरमैन डॉ. हरिसिंह ने नितिन को सम्मानित किया।

प्राचार्य ने कहा कि नितिन गुप्ता ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता अर्जित की है, जो न केवल उनके लिए बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नितिन गुप्ता की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## राजवंशी स्कूल के 11 बच्चे गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चयनित

**महेंद्रगढ़।** राजवंशी स्कूल दौचाना के 11 छात्रो का चयन गुरुकुल स्कूल कुरुक्षेत्र प्रवेश परीक्षा में हुआ है। इसे लेकर विद्यार्थियों सहित शिक्षक व विद्यालय परिवार के बीच हर्ष का माहौल है। विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र में भर भर के सिलेक्शन देने वाला यह प्रथम स्कूल है जोकि विद्यालय के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। इसके पूर्व भी वर्ष 2023-24 में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों का चयन सैनिक स्कूल में हुआ है। पिछले वर्ष 2024-25 भी राजवंशी विद्यालय ने सात बच्चे नवोदय विद्यालय, चार बच्चे सैनिक स्कूल में चयन करवाए हैं। कहा कि नवोदय, सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल व गुरुकुल में नामांकन को लेकर एक टीम बनाकर विद्यार्थियों को इसकी तैयारी कराई जा रही थी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार ने चयनित विद्यार्थियो को पुरष्कृत करके उनका मान बढ़ाया और उनको भविष्य मे ऐसे ही हर चुनौती को पार करके आगे बढने का आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

## जीनियस एकेडमी में दिलाई जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** जल संरक्षण की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

जीनियस एकेडमी में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एकेडमी डॉयरेक्टर अमित यादव ने कहा कि जल के बिना जीवन की संभावना ना के बराबर है। विश्व जल दिवस का उद्देश्य पानी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्थाई जल प्रबंधन को देखना है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिन की शुरूआत हुई थी, तब से प्रत्येक वर्ष इस दिन जल संसाधनों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

यह दुनियाभर में व्यक्तियों, समुदायों और सरकारों को पानी के संरक्षण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस बार विश्व जल दिवस 2025 की थीम है, ग्लेशियर संरक्षण। ग्लेशियर पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक है, वे ग्रह को ठंडा रखते है, साथ ही दुनिया के मीठे पानी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संग्रहीत करते है, झीलों और नदियों को पानी देते है और परिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखते है।

## रामलीला मैदान में श्रीमद् भागवत कथा आरम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस सबसे पहले मां भगवती चामुंडा देवी मंदिर से कलश एवं वैजयंती माला का पूजन किया गया। इस दौरानआचार्य राजेश बोहरा, पंडित राजेंद्र शर्मा, पंडित गगन, पंडित देवेंद्र, पंडित भूपेश व पंडित खुशहाल ने वेद मित्रों सहित विधि विधान से मुख्य यजमान भगवत स्वरूप गोस्वामी व पत्नी शशिबाला एवं रमेश चंद शर्मा व पत्नी प्रेमलता शर्मा के करकमलों से पूजन करवाकर मां भगवती चामुंडा देवी का आशीर्वाद लेकर कलश वैजयंती माला यात्रा प्रारंभ की। ब ड़ी धूमधाम से बैंड बाजे, ध्वजा सहित भक्तों द्वारा भगवान का गुणगान कर जय जयकार कर यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कथा स्थल रामलीला मैदान मोहल्ला चांदूवाड़ा में पहुंची। कथा व्यास पंडित नवीन कौशिक ने कथा के प्रथम दिवस भागवत कथा की महिमा के बारे में भक्तों को बताया कि भगवान को केवल भाव से पाया जा सकता है, बहुत जन्मों के पुण्य जब उदय होते हैं, तब भागवत कथा श्रवण करने का अवसर मिलता है। यह पुण्य कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। इस मौके पर मुख्य यजमान सहित सह यजमान कैलाश गर्ग नंबरदार, दुर्गा प्रसाद सिंघल, जयप्रकाश अग्रवाल, टीटू सोनी, जगदीश भरद्वाज आदि मौजूद थे।

---

कार्यक्रम | पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेधावी छात्राओं को पुरस्कार बांटे

# शिक्षित बेटियों की शिक्षा पर फोकस रखने वाले समाज में कुरीतियां और आपराधिक वारदातें नहीं पनप सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी




**नांगल चौधरी।** मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते डीईओ सुभाष सांभरिया व प्राचार्य डॉ दिनेश।

पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष सांभरिया मौजूद रहे हैं। उन्होंने मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित करके प्रोत्साहित किया है। इस दौरान डीईओ ने यंग राइटर एडिटोरियल पत्रिका का विमोचन किया गया तथा छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संदेश दिया है। डीईओ ने कहा कि पीएम श्री गर्ल्स स्कूल में अनुशासन व शैक्षणिक सुविधाएं उच्चस्तरीय हैं। परीक्षा परिणाम में स्कूल का रिकार्ड सहरानीय रहा है, यहां खेल ग्राउंड उपलब्ध नहीं बावजूद छात्राएं जिला व प्रदेश स्तर पर स्कूल का नाम रोशन कर रही हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों में स्कूल की छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर सफलता हासिल करके अभिभावकों का मनोबल बढ़ाया है। विद्यार्थियों में पत्रकारिता की प्रतिभा निखारने के मकसद से स्कूल में यंग राइटर एडिटोरियल क्लब गठित किया है, जिसमें छात्राओं को इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मिडिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में भी रोजगार की काफी संभावनाएं होती है। बीते एक साल में स्कूल की 300 छात्राओं ने एकेडमिक, खेलकूद व कलात्मक प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान अर्जित किया है। इसके अलावा स्कूल में ब्यूटीशियन व कंप्यूटर शिक्षा का प्रबंध किया है जिससे छात्राओं को स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसके बाद नौंवी कक्षा की छात्राओं ने नशाखोरी पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें तंबाकू के सेवन से कैंसर, टीबी, गुर्दे खराब होने का दृश्य दिखाया। संदेश दिया कि युवा वर्ग एक-दूसरे की देखा देखी में नशा करना आरंभ करते हैं इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे लत होने लगती है।

## मॉडर्न स्कूल में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन कर कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं व पास आउस विद्यार्थियों को अनेक कैरियर संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञता डॉ. विक्रम सिंह व डॉ. राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को कैरियर संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। कोर्डिनेटर भूपेंद्र सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अपने भविष्य निर्माण के बारे में जागरूक करना था। डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जो आपको अपने करियर, शिक्षा और जीवन के बारे में बेहतर निर्णय लेने में मदद करती है, जिसमें आपकी रुचियों, योग्यताओं और मूल्यों का आंकलन करके मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जाती है। डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि किताबें पढ़ने से लेकर उद्योग जगत के पेशेवरों से मिलने तक, आपके पास अपने करियर की यात्रा में अकेले पहल करने के कई तरीके हैं। आप अपने करियर के बारे में अधिक गहराई से बातचीत करना चाहेंगे और इस बारे में स्पष्ट मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहेंगे कि क्या कदम उठाए जाने चाहिए। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि उनके द्वारा विद्यार्थियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी का सभी विद्यार्थियों को अवश्य लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप


सतनाली। गौशाला में टीनशैड के उद्घाटन अवसर पर मौजूद गणमान्यजन

### पिता की स्मृति में गोशाला में करवाया टीन शैड का निर्माण

**सतनाली मंडी।** गांव श्यामपुरा के श्री श्याम गौशाला में गौसेवी जयवीर सिंह शेखावत ने अपने पिता स्व. भगवान सिंह शेखावत की स्मृति में एक टीन शैड का निर्माण करवाया है। जयवीर सिंह शेखावत ने बताया कि उन्होंने अपने पिता की स्मृति में करीब आठ लाख रुपये की लागत से गायों के लिए एक टीन शैड का निर्माण करवाया है। इस अवसर पर उपस्थित गौशाला कार्यकारिणी सदस्य व गणमान्य लोगों ने कहा कि माता-पिता की स्मृति में किए गए कार्यों से बड़ा पुण्य मिलता है।


नारनौल। संतोष मेमोरियल में विश्व जल दिवस मनाते हुए।

### संतोष मेमोरियल सेंटर में मनाया विश्व जल दिवस

**नारनौल।** संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर कॉलेज, नारनौल में संस्था के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता एवं चेयरपर्सन डॉ. कुसुम गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व जल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जल के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने की। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉलेज एवं विशेष विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा जल बचाओ पर जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसके पात्र अनीता मैडम, ममता, प्रियंका, गोदावरी, नेहा, अनु, आशु, योगेश आदि रहे।


महेंद्रगढ़। एग्जाम क्लियर होने पर सिमरन सिंह को सम्मानित करते हुए।

### सिमरन ने किया आल इंडिया बार एग्जाम क्लियर

**महेंद्रगढ़।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य परमजीत सिंह की बेटी एडवोकेट सिमरन सिंह ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने क्रिमिनल लॉ में एलएलएम की डिग्री के साथ-साथ बीते रात आए आल इंडिया बार का एग्जाम भी क्लियर किया है। अब सिमरन सिंह अपनी प्रेक्टिस पूरे भारत के किसी भी हाई कोर्ट में कर सकती है। इस उपलब्धि पर जिले के पूर्व उपायुक्त डॉ. जय किशन आभीर आईएएस के मार्गदर्शन में ममाज टीम ने एडवोकेट सिमरन सिंह व उनके पूरे परिवार को सम्मानित किया। इस मौके पर अनूप यादव, राजेश कुमार, ब्लॉक प्रधान देविंद्रा कुमारी, महेंद्रगढ़ बार प्रधान संदीप यादव, उप प्रधान सतीश डागर, वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत सिंह, पवन कुमार जांगिड़, राजवीर यादव, प्रदीप यादव, अधिवक्ता शर्मिला देवी, अधिवक्ता आलोक यादव सहित अनेक ने बधाई दी।

## सीएम ने महेंद्रगढ़ को दी लगभग 2010.85 लाख के पांच प्रोजेक्ट की सौगात

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के जरिए किया जल शक्ति अभियान : कैच दी रेन-2025 का शुभारंभ

### रिड्यूस, रीयूज, रिचार्ज और रीसाइकिल के मंत्र पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने शनिवार पंचकूला के ताऊ देवलाल स्टेडियम से जल शक्ति अभियान : कैच दी रेन-2025 के तहत हरियाणा में जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सीएम ने जिला महेंद्रगढ़ को लगभग 2010.85 लाख रुपये की लागत से तैयार पांच प्रोजेक्ट की सौगात दी। जिला स्तर पर हमीदपुर बांध पर आयोजित इस कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के एसई राजेश खत्री व बुजुर्ग ग्रामीणों ने इसका शुभारंभ किया। जिला के नागरिकों ने बड़ी एलईडी के जरिए सीएम का संबोधन सुना।

इस मौके पर खत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जिला महेंद्रगढ़ में जल संचयन के लिए कई कार्यक्रम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें देश के भविष्य के लिए जल संरक्षण को सुरक्षित करने के लिए रिड्यूस, रीयूज, रिचार्ज और रीसाइकिल के मंत्र को अपनाना होगा। इस मौके पर एक्सईएन नितिन भार्गव, एक्सईएन आशुतोष यादव, एक्सईएन मिकाडा सुनित राठी, एसडीओ राजेश वर्मा व अन्य अधिकारी व गांव के लोग मौजूद रहे।


नारनौल। हमीदपुर बांध पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कच्ची नहर निर्माण कार्य का उद्घाटन करते ग्रामीण बुजुर्ग।

### इन प्रोजेक्ट से मिलेगी जल संचयन में मदद

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज जिला को पांच प्रोजेक्ट की सौगात दी। इन प्रोजेक्ट से जल के संचयन में भी मदद मिलेगी।

परियोजना 1

### गांव खेड़ी में नहरी जल भंडारण टैंक

महेंद्रगढ़ नहरी जल सेवा डिवीजन नारनौल से अटल भूजल योजना के तहत रामपुरा सब माइनर से आरसीसी पाइपलाइन बिछाकर गांव खेड़ी में लगभग 357.44 लाख रुपए की लागत से तैयार नहरी जल भंडारण टैंक का उद्घाटन किया। नहरी जल भंडारण टैंक का उद्देश्य बरसात के मौसम में प्राप्त होने वाले अतिरिक्त पानी का उपयोग जून से सितंबर माह के दौरान भंडारण टैंक खेड़ी में किया जाएगा तथा अक्टूबर से मार्च माह के दौरान नहरी आपूर्ति की कम उपलब्धता के साथ-साथ गांव खेड़ी में स्प्रिंकलर सिस्टम के माध्यम से सिंचाई के लिए पीक डिमांड अवधि के दौरान उपयोग किया जाएगा। इस आरसीसी भंडारण टैंक की क्षमता 74.15 मिलीयन लीटर है। यह रामपुरा सब माइनर के किलोमीटर 4.800 के दाईं तरफ से 1700 मीटर लम्बाई में 450 मिलीमीटर व्यास की आरसीसी पाइपलाइन बिछाई गई है। इससे गांव खेड़ी के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे 300 एकड़ क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी तथा प्रत्येक वर्ष 150 घन फीट जल की बचत होगी।

प्रोजेक्ट 2

### हमीदपुर बांध से गांव बदोपुर तक कच्ची नहर का निर्माण

दोहान नदी तल में हमीदपुर बांध से गांव बदोपुर तक लगभग 118.84 लाख रुपए की लागत से तैयार कच्ची ड्रेन निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इससे बरसात के मौसम में प्राप्त होने वाले अतिरिक्त वर्षा जल का उपयोग क्षेत्र में भूजल स्तर को रिचार्ज करने और जून से सितंबर के महीने के दौरान दोहान नदी तल में नहरी पानी छोड़कर भूमि जल स्तर में सुधार किया जाएगा। दोहान नदी तल में रिचार्ज चैनल की टेल से 900 मिलीमीटर व्यास की आरसीसी पाइप की 1080 मीटर लम्बाई की पाइपलाइन बिछाई गई है तथा भांखरी बांध से गांव बदोपुर तक 4300 मीटर कच्ची ड्रेन की खुदाई की गई है। कच्ची ड्रेन की क्षमता 50 क्युसिक है। दोहान नदी के तल में भूजल स्तर को रिचार्ज किया जाएगा। इससे 9 गांव बदोपुर, भांखरी, जादूपुर, हमीदपुर, खटोटी कलां, खटोटी खुर्द, दोहर कलां, मेहरमपुर व गांव गहली लाभान्वित होंगे।

प्रोजेक्ट 3

### दोखेरा के तालाब तक बिछाई डीआई पाइपलाइन

महेंद्रगढ़ नहरी जल सेवा डिवीजन नारनौल से अटल भूजल योजना के तहत अलीपुर माइनर स्थित पंप हाउस एएलएम-1 से गांव दोखेरा एवम सैदअलीपुर के तालाब तक लगभग 148.37 लाख रुपये की लागत से तैयार डीआई पाइपलाइन बिछाने का उद्घाटन किया। इस योजना से गांव के तालाब में भूजल स्तर को रिचार्ज करने और गांव दोखेरा और सैदअलीपुर के आसपास के क्षेत्र को सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए संग्रहित किया जाएगा। पंप हाउस एएलएम-1 के पास 1 पंपिंग सेट स्थापित करने के साथ पंपिंग व्यवस्था का निर्माण करना है। 1865 मीटर दबाव इकाई प्रणाली की डीआई पाइपलाइन 200 मिलीमीटर व्यास की बिछाई गई है। इससे ग्राम पंचायत दोखेरा और सैद अलीपुर के निवासियों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे 125 एकड़ क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी। इससे हर साल 70 कयुसिक पानी की बचत होगी।

प्रोजेक्ट 4

### मांडोला में दबाव प्रणाली पाइपलाइन बिछाई : महेंद्रगढ़

नहरी जल सेवा डिवीजन महेंद्रगढ़ से अटल भूजल योजना के तहत गांव मांडोला में विभिन्न तालाबों को जोड़ने के लिए लगभग 528.45 लाख रुपए की लागत से तैयार दबाव ईकाई प्रणाली की पाइपलाइन बिछाने का उद्घाटन किया। इस योजना का उद्देश्य भूजल स्तर को कम होने से बचाने और समस्या से निपटने के लिए, बरसात के मौसम में नहर में प्राप्त होने वाले अधिशेष पानी को मांडोला के विभिन्न गांवों के तालाबों में भेजा जाएगा। इस पाइप लाइन से गांव के एक-एक एकड़ के तीन तालाबों को जोड़ा जाएगा। वर्तमान में इससे मांडोला गांव लाभान्वित होगा। इससे 600 एकड़ क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी।

प्रोजेक्ट 5

### दुलोठ में विभिन्न तालाबों को जोड़ने के लिए पाइपलाइन बिछाई

अटल भूजल योजना के तहत गांव दुलोठ में विभिन्न तालाबों को जोड़ने के लिए लगभग 857.75 लाख रुपये की लागत से तैयार दबाव इकाई प्रणाली की पाइपलाइन बिछाने के उद्घाटन किया। इसमें पंप हाउस, पंपिंग मशीनरी के निर्माण और तीन साल तक चलाने और रखरखाव सहित अन्य कार्य भी शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य भूजल स्तर को कम होने से बचाने और बरसात में नहर में प्राप्त होने वाले अधिशेष पानी को दुलोठ अहीर और सोहला के विभिन्न गांव के तालाबों में भेजा जाएगा। इसमें दो गांव के चार तालाब (प्रत्येक का आकार 1 एकड़) और एक आरसीसी भंडारण टैंक को जोड़ना है। इसे दुलोठ अहीर व सोहला गांव लाभान्वित होंगे। इससे 1200 एकड़ क्षेत्र की सिंचाई हो सकेगी।

## एलईडी लाइट से सलीमपुर की गलियां होंगी रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर की गलियों एवं बस्तियों में रात के वक्त अब पर्याप्त उजाला हो गया है। इससे चोरी की घटनाओं पर जहां अकुंश लग सकेगा, वहीं जरूरी काम के लिए घर से बाहर जाने वाले ग्रामीणों को रोशनी मिलेगी। इसके लिए एलईडी लाइटें लगा दी गई है। इसके लिए करीब 500 एलईडी लाइटें तथा 10 हाई मास्क लाइट लगा दी हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत ने गांव में ग्राम पंचायत घर, तिराहे व चौराहों को चिह्नित करके इन स्थानों पर दो दर्जन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन सभी सीसीटीवी कंट्रोल रूम सरपंच के घर से किया जा रहा है। 24 घंटे कैमरे वर्किंग में रहे, इसके लिए उनको सौर ऊर्जा से भी जोड़ा जाएगा। गांव की आबादी लगभग छह हजार है। गांव के विकास का पैमाना सफाई व्यवस्था होती है तथा यदि गांव में सफाई व्यवस्था रहेगी तो ग्रामीणों के सकारात्मक रुख के चलते अन्य विकास कार्यों को भी बढ़ावा दिया जा सकेगा। खंड अटेली में सलीमपुर को निर्मल गांव बनाने का प्रथम लक्ष्य है।


मंडी अटेली। सलीमपुर में लगी एलईडी लाइट व सीसीटीवी कैमरे को दिखाती सरपंच आरती यादव।

### आदर्श गांव बनाने के लिए सफाई अभियान शुरू

इस मौके पर सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने बताया कि गांव को जगमग करने के लिए एलईडी लाइटें लगा दी गई हैं। सलीमपुर ग्राम पंचायत को आदर्श गांव बनाने के लिए सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। गांव में वह सभी के साथ मिलकर वह गांव स्वयं काम कर रही है। जल्द ही गांव में जगह-जगह कूड़ेदान लगाए जाएंगे। गांव में विभिन्न स्थानों पर छह माह पूर्व 500 प्रकार के पौधे लगाए गए थे, जो अब हरे भरे होकर अपनी चमक दे रहे हैं। बरसात के समय गांव की गलियों का पानी खड़ा रहता था। इसके लिए गांव में ग्रे वॉटर स्कीम के तहत जोहड़ बनाया जा रहे हैं। जल्द उसको शुरू कर दिया जाएगा। इस गर्मी को मौसम को ध्यान में रखते हुए गांव में हरे पेड़ पौधों के नीचे सीमेंट की बेंच डलवा दी हैं। कचरे के निस्तारण के लिए गांव की बणी में टीन सेट कचरा प्रंबधन की व्यवस्था की गई है। पंचायत का सबसे पहला उद्देश्य गांव की सफाई व्यवस्था कायम करवाना तथा गांव को स्वच्छ व हरा भरा रखना है।

## सचिन ने गेट में हासिल की आल इंडिया आठवीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सतनाली रोड कॉलोनी निवासी सचिन ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट फॉर इंजीनियरिंग (गेट) 2025 में आल इंडिया आठवीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सचिन वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी मां उर्मिला देवी को दिया, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी उनका हौसला बनाए रखा। सचिन के पिता अनिल कुमार का 10 साल पहले हृदयाघात से निधन हो गया था। तबसे उनकी मां उर्मिला देवी ने परिवार को संभाला और अपने बेटे को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। सचिन ने बताया कि मां ने कभी मुझे किसी चीज की कमी महसूस नहीं होने दी। उन्होंने हमेशा उसे स्वतंत्रता दी और हर फैसले का समर्थन किया। आज उसकी इस उपलब्धि से वे गर्व महसूस कर रही हैं, इससे ज्यादा खुशी की बात उसके लिए कुछ नहीं हो सकती। सचिन मूल रूप से गांव बालरोड का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में परिवार के साथ महेंद्रगढ़ के सतनाली रोड पर रह रहा है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर कमला, शमशेर सिंह, रामफल, निर्मला, सुनीता, विकास, शिया, मनीषा, यक्ष, गौरव व गरिमा सहित ग्रामीण और परिवारजन मौजूद रहे।


सचिन को मिठाई खिलाते हुए।

## पीएम श्री विद्यालय में हेल्थ कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी तलवाना में प्राचार्य धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता एवं हैल्थ कैंप की नोडल अधिकारी मनीषा कुमारी की अगुवाई में तीन दिवसीय हैल्थ कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मुक्त मेडिकल फैसिलिटी प्रोवाइड कराना, प्रारंभिक चरण में ही रोगों का पता लगाना, उचित परामर्श देना, स्वस्थ्य जीवन शैली, स्वच्छता, पोषण और व्यायाम के बारे में जानकारी देना था। इस तीन दिवसीय हैल्थ कैंप में विद्यार्थियों व शिक्षकों की शुगर, रक्तचाप, हिमोग्लोबिन, वजन आदि की संपूर्ण जांच कर उचित परामर्श दिया गया। हैल्थ कैंप में डॉ. विजय यादव, कृषि विकास अधिकारी सुधीर यादव, रेडक्रॉस प्रवक्ता जयपाल ने प्राथमिक उपचार सहायता, पर्सनल हाईजीन, जैविक सब्जियों, किशोर शिक्षा के बारे में जानकारी दी। धर्मवीर सिंह ने सभी चिकित्सक एवं विद्यालय प्रबंधन सीमिति का धन्यवाद करते हुए स्मृति चिह्न प्रदान किए। इस अवसर पर नितिन यादव, जयपाल यादव, विक्रम सिंह, डॉ. संदीप, अरविंद्र यादव, ईश्वर बोहरा, संजय कुमार, खेतराम दहिया, मनीषा कुमारी, संजूबाला, महेंद्र कुमार, ज्योति, मनोज, दीपक शर्मा, झमनलाल, रतनलाल, प्रशांत, सुमन, बलवान, सुरेंद्र, देवेंद्र तंवर, कुलदीप यादव, मनीष, नवीन व दारासिंह आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सैनी समाज के प्रतिनिधियों ने सीएम से की मुलाकात समाजहित से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार रात सैनी सभा नारनौल के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के विभिन्न विकास कार्यों, सामाजिक उत्थान, शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं में समाज की भागीदारी जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

सैनी सभा नारनौल के प्रधान बिशन सैनी, उप प्रधान रोहतास सैनी, कार्यकारिणी सदस्य विजय सैनी, सुरेंद्र सैनी (ठेकेदार) सहित अन्य गणमान्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर समाज की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उनकी सरकार हर वर्ग के कल्याण और प्रगति के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने समाज की एकता, आर्थिक विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने देगी और समाज की उन्नति के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।


नारनौल। सीएम से मिलते सैनी समाज के प्रतिनिधि।

### अवैध खनन का ट्रक पकड़ा, किया सीज

**नारनौल।** पुलिस विभाग की ओर से गठित टीम एवं थाना निजामपुर की टीम के द्वारा घाटाशेर निजामपुर क्षेत्र से एक ट्रक को पकड़ा गया है, जिसमें अवैध खनन कर बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने पता लगाया कि खनन रहित क्षेत्र बसई राजस्थान से अवैध खनन कर ट्रक में बजरी भरकर रेवाड़ी ले जाई जा रही थी। थाना निजामपुर प्रभारी एसआई गोविंद ने बताया कि स्पेशल गठित टीम और थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने स्पेशल चैकिंग अभियान चलाकर बजरी से भरे ट्रक को पकड़ा है। पकड़े गए ट्रक का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किया गया तथा खनन विभाग की टीम द्वारा सीज किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### अवैध शराब के साथ 2 आरोपित पकड़े

**नारनौल।** शहरी क्षेत्र से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने 37 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना शहर की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि दो शख्स मोटर साइकिल पर प्लास्टिक कट्टे में अवैध शराब लेकर बस अड्डा नारनौल की तरफ से सिंघाना की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की, इस दौरान मोटर साइकिल को रुकवाया उनके पास से प्लास्टिक कट्टे को चैक किया तो तीन पेटी गत्ता मिली। एक गत्ता पेटी मे 50 पव्वे, दूसरी गत्ता पेटी से 50 पव्वा व तीसरी गत्ता पेटी से 24 अध्दे देसी शराब मिली। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर लिया।

हालात | नहर टूटने से खड़ी फसल के खेतों में भरा पानी तीन दिन बाद भी नहीं सूखा

## कोरियावास मोड़ पर खेतों में भरे पानी से फसलों में नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

निजामपुर रोड पर कोरियावास मोड़ के समीप नहर टूटने से खड़ी फसल के खेतों में भरा पानी तीन दिन बाद भी नहीं सूखा है तथा इससे आसपास के 10-12 खेतों के किसान परेशान हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इन दिनों खेतों में सरसों की फसल की लावणी आई हुई है, लेकिन इन जलमग्र खेतों में किसान नहरी पानी भरने की वजह से लावणी नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे पीड़ित किसानों ने नहर विभाग, प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से समस्या से राहत दिलाने एवं नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की है। पीड़ित किसान संदीप यादव, रमेश यादव, सुबेसिंह, कपिल, नीरज, हेमंत, सोनू, पवन, भालू, जयसिंह, राहुल, तरुण एवं चंकी आदि ने बताया कि तीन दिन पहले कोरियावास रोड के नजदीक से नहर टूट गई थी। नहर प्रातः करीब 3-4 बजे टूटी थी, जिस कारण खेत पूरी तरह से जलमग्र हो गए थे। नहर एवं निजामपुर रोड के बीच जल निकासी नहीं होने के कारण खेतों से 6-7 फुट तक पानी भर गया था। इसकी नहर विभाग को सूचना भी दी गई, जिस पर उन्होंने जहां से नहर टूटी थी, उसे तो ठीक कर दिया, लेकिन खेतों में जो जल भराव हुआ, उस जल की निकासी नहीं की। इस कारण खेतों में अब भी डेढ़-दो फुट पानी खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि आजकल सरसों की फसल पकी हुई है तथा उसकी जोरों से लावणी आई है, लेकिन इस जलभराव के कारण आसपास के 10-12 खेतों के किसान लावणी करने में असमर्थ हो गए हैं। इससे फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए बताया कि नहर टूटने पर नहर वालों ने उसे ठीक तो कर दिया, लेकिन खेतों में जनरेटर आदि लगाकर उनका पानी नहीं निकाला। उन्हें स्वयं अपनी जेब से जनरेटर चलाने पड़ रहे हैं और इससे उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है।



नारनौल। खेत में जनरेटर लगाकर पानी निकालते हुए व पानी से भरे खेत में लावणी करते किसान। फोटो : हरिभूमि